प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 08 मार्च, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज भारत की माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर राज भवन, राँची द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति महोदया को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन, झारखण्ड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।